

रामलला को भोग लगाने भक्त ने तैयार किया सवा टन का लड्डू...

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



पीएम मोदी ने कोच्चि, केरल, ईटी सरकार में 4000 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू

वर्ष-60 › अंक -27 रायपुर गुरूवार 18 जनवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


## अभिनेता सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के दौरे पर पर है. इस दौरान बुधवार सुबह उन्होंने त्रिशूर जिले के गुरुवयूर मंदिर में दर्शन किए. इसके बाद पीएम मोदी अभिनेता और राजनेता सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद भी दिया. इस दौरान पीएम मोदी के साथ मशहूर फिल्म अभिनेता मोहनलाल समेत कई राजनेता भी मौजूद रहे. बता दें कि पीएम मोदी आंध्र प्रदेश और केरल के दौरे पर कल पहुंचे थे.

# 'आम लोगों की कमाई बढ़ाना बीजेपी की प्राथमिकता' : मोदी

### केरल में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किये प्रधानमंत्री मोदी

नईदिल्ली,एजेंसी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केरल में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफकी. एर्नाकुलम में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि, केरल में बीजेपी को सशक्त करने वाले आप सभी कार्यकर्ता साथियों के बीच आना मेरे लिए हमेशा सुखद होता है. पीएम मोदी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद केरल के कौने-कौने में कार्यकर्ताओं की अनेक पीड़ियों ने बीजेपी का झंड़ा बुलंद रखा है.**





पीएम मोदी ने कहा कि, ÷राजनीतिक हिंसा के बीच भी अपनी विचारधारा और देशभक्ति के प्रतिबद्ध रहने वाली कार्यकर्ताओं की हर पीढ़ी को आज मैं सिर झुकाकर नमन करता हूं.÷

पीएम मोदी ने कहा कि केरल बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सामर्थ हमने पिछले दिनों त्रिशूर में हुए नारी शक्ति सम्मेलन में देखने को मिला. पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने अनुभव से मैं कर सकता हूं कि इतना बड़ा सम्मेलन एक मजबूत संगठन ही करा सकता है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कि बीजेपी हर वर्ग की पार्टी है. जिसके पास तेज विकास ट्रैक रिकॉर्ड भी है और भविष्य का स्पष्ट विजन भी. गरीब, महिला, युवा, किसान, मजदूर, मछुआरे ये समाज के वो वर्ग हैं जिनके सशक्तिकरतण से ही विकसित भारत का निर्माण होने वाला है.

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी सरकार की प्राथमिकता है कि देश के आम लोगों की कमाई बढ़े. पीएम मोदी ने कहा कि कमाई के साथ बचत भी बढ़नी चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलने से देश के लोगों को एक लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है. जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी छूट पर दवा लेने से देश के लोगों के 25 हजार करोड़ रुपये बचे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि पहले दो लाख रुपये तक की इनकम पर टैक्स लगता था, बीजेपी सरकार ने तय किया कि सात लाख रुपये तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगता. पीएम मोदी ने कहा कि टैक्स को लेकर पिछले दस सालों में जो नई व्यवस्थाएं बनी हैं उससे करदाताओं की लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है।

# गुरुवयूर व त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर पहुँचे पीएम मोदी







नईदिल्ली,एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवयूर मंदिर से निकल केरल में भगवान राम के मशहूर त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर पहुँचे। ये मंदिर भी त्रिशूर में ही है। यहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की। इस मंदिर का संबंध भगवान कृष्ण और द्वारका नगरी से भी है।

**भगवान राम को समर्पित है त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर**

त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर भगवान राम को समर्पित है। इस मंदिर में भगवान राम की 6 फुट ऊँची प्रतिमा है। इस मंदिर के मुख्य देवता राम हैं, जो विष्णु के सातवें अवतार हैं, जिनकी चार भुजाओं में शंख, चक्र, धनुष और माला हैं। भगवान राम यहाँ राजघराने के पीठासीन देवता हैं, जिन्हें 'ब्रह्मांड में सभी देवताओं से ऊपर' का स्थान दिया गया है। भगवान राम को यहाँ पर त्रिप्रयार थेवर या त्रिप्रयारप्पा के रूप में भी जाना जाता है। यह मंदिर करुवन्नूर नदी के तट पर स्थित है, जिसे त्रिप्रयार से बहते हुए थेवरा नदी कहा जाता है। मंदिर परिसर में भगवान राम के साथ-साथ दक्षिणमुखी शिव, गणेश और कृष्ण के मंदिर स्थापित हैं। यहाँ हनुमान की भी पूजा होती है। इस मंदिर का संबंध द्वापर युग में भगवान कृष्ण से भी जोड़ा जाता है। पीएम मोदी की मौजूदगी में त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में 'मलयालम रामायण' और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया।



## सांसद नुसरत जहां की मुश्किलें बढ़ी, फ्लैट धोखाधड़ी मामले में होना होगा अदालत में पेश

**कोलकाता संवाददाता**

एक्ट्रेस से तृणमूल कांग्रेस की सांसद बनीं नुसरत जहां की मुसीबतें बढ़ रही हैं। कोलकाता की एक अदालत ने फैसला सुनाया कि नुसरत जहां को एक रियल स्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में अपने जुड़ाव से संबंधित मामले में अदालत में पेश होना होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उचित दरों पर फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। पिछले साल सितंबर में एक अदालत ने इस मामले में नुसरत जहां को पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, उन्होंने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी, लेकिन, अदालत ने आदेश को बरकरार रखा।

## मात्र 17 दिन में देश के चारों कोनों से जुड़ गया अयोध्या धाम : सिंधिया



**लखनऊ**-नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि विश्व के पर्यटन मानचित्र में तेजी से उभरता अयोध्या धाम मात्र 17 दिनों के रिकार्ड समय में देश के चारो कोनो से हवाई मार्ग से जुड़ गया है। अयोध्या से कोलकाता के बीच एयर इंडिया की उड़ान के शुभारंभ के मौके पर सिंधिया ने कहा कि अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ने के बाद आज बेंगलुरू और कोलकाता के साथ जोड़ा जा रहा है। 30 दिसंबर को उद्घाटन के बाद से 17 जनवरी तक हमने महज 17 दिन में अयोध्या को देश के चारों कोनों से जोड़ दिया है। यह किसी करिश्मे से कम नहीं है। देश का हर एक श्रद्धालु अपनी श्रद्धा को अर्पित करने के लिए तीव्र गति से अपने पुष्पक विमान से अयोध्या आ सकेगा। उन्होने कहा ÷ जहां राम का नाम, वहां पूरे होते हैं काम। आज एक और महत्वपूर्ण दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और प्रगति के मामले नई ऊंचाइयां छू रहा है। एक दीवाली हमने पिछले वर्ष मनाई थी, दूसरी दीवाली हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के समय मनाई गई थी और अब तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाने वाली है। संपूर्ण विश्व की 800 करोड़ जनता में जितने भी रामभक्त हैं 22 जनवरी 2024 उनके जीवन का सबसे स्मरणीय दिन होगा। यह 500 साल का सपना था। हम सबकी कई पीढ़ियों का सपना था कि अयोध्या नरेश भगवान श्रीराम अपने महल में विराजमान हों। अब वह सपना पूरा होने जा रहा है।÷

## टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ीं, जबरन खाली कराया जाएगा सरकारी बंगला

नई दिल्ली एजेंसी।



टीएमसी सांसद को महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके लिए उन्हें एक और नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर वो बंगला खाली नहीं करती तो उनके खिलाफ ताकत का इस्तेमाल किया गया जाएगा और जबरन बंगला खाली करवाया जाएगा। बता दें कि संसद से निलंबन के बाद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने की कई नोटिस मिल चुकी है। इसके बावजूद वो सरकारी बंगला खाली नहीं कर रही हैं। नोटिस के मुताबिक, संसद सदस्यता छिनने के बाद अब वे इस बंगले की पात्र नहीं रहीं इसलिए उन्हें 9क्कटेलीग्राफ लेन का टाइप 5 बंगला खाली करना होगा। नियम के मुताबिक, बंगला खाली करने के लिए उन्हें एक महीने का समय दिया गया था। हालांकि, इस बीच उन्होंने कोर्ट का भी सहारा लिया था लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिली। नोटिस में कहा गया है कि महुआ सरकारी बंगला तुरंत खाली कर दें। बता दें कि सदस्यता जाने के बाद एक महीने के समय की सीमा खत्म होने के बाद 7 जनवरी को आवंटन रद्द कर दिया गया था। महुआ मोईत्रा को सरकारी बंगला खाली करने के कई नोटिस दिए जा चुके हैं। वहीं, ताजा नोटिस में कहा गया है कि अगर अब बंगला खाली नहीं किया तो उनको वहां से बेदखल कर दिया जाएगा ।



## राम मंदिर दुनिया के लिए बनेगा प्रेरणास्रोत : अरुण गोविल

अयोध्या : अस्सी के दशक में घर घर में आस्था की सुगंध फैलाने वाले रामानंद सागर निर्देशित टीवी धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले बालीवुड अभिनेता अरुण गोविल ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम का मंदिर पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। अरुण गोविल ने आज लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी और माता सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीराम जन्म भूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया।

# जगन्नाथ पुरी हेरिटेज कॉरिडोर प्रोजेक्ट का हुआ उद्घाटन

### 800 करोड़ रुपए में तैयार किया गया प्रोजेक्ट

भुवनेश्वर. एजेंसी।



ओडिशा के जगन्नाथ पुरी हेरिटेज कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है और 17 जनवरी को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसका उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम के लिए भारत और नेपाल के 1 हजार मंदिरों को आमंत्रण पत्र भेजा गया था. साथ ही चारों शंकराचार्यों, चारों धाम और चार अन्य छोटे धामों को भी आमंत्रित किया गया था. मंदिर प्रशासन की तरफ से नेपाल के राज परिवार को भी आमंत्रित किया गया था. मंदिर के इस प्रोजेक्ट को अब आम जनता के लिए खोल दिया गया है. दिसंबर 2019 में जगन्नाथ पुरी मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर का काम शुरू किया गया था, जो अब पूरा हो चुका है. प्रोजेक्ट के अनुसार मंदिर की बाहरी दीवार के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ा गलियारा बनाया गया है. मंदिर के चारों तरफ 2 किलोमीटर में श्रीमंदिर परिक्रमा पथ का निर्माण हुआ है. यहां से श्रद्धालु सीधे मंदिर का दर्शन कर पाएंगे. हेरिटेज प्रोजेक्ट के तहत जो रिसेप्शन बनाया गया है, इसमें 6 हजार लोग एक साथ खड़े हो सकते हैं. यहां 4 हजार परिवारों को सामान रखने के लिए लॉकर रूम बने हैं. शेल्टर पवेलियन के अलावा मल्टीलेवल कार पार्किंग, पुलिस, फ ायर ब्रिगेड और इमरजेंसी सर्विस के लिए शटल बस की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

## शाह-नड्डा ने क्लस्टर प्रभारियों को दिए जीत के टिप्स



लोकसभा के लिए भाजपा क्लस्टर प्रभारियो का दिल्ली में प्रशिक्षण

**रायपुर** विगत दिवस पूर्व नई दिल्ली में हुई भाजपा के क्लस्टर प्रभारियो की बैठक में छत्तीसगढ़ की तरफ से कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और राजेश मूणत शामिल हुए। दिल्ली प्रवास से वापस लौटे अमर अग्रवाल ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में लोकसभा के कलस्टर प्रभारियों की बैठक में कई फैसले लिए गए हैं।

# ईरान के मिसाइल हमलों पर पाकिस्तान का पलटवार, राजदूत को वापस बुलाने का किया ऐलान

एजेंसी।



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरान की ओर किए गए मिसाइल हमलों ने दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा दिया है. अब पाकिस्तान ने बड़ा निर्णय लेते हुए ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का ऐलान किया है. पाकिस्तान का कहना है कि यह करके ईरान ने उसकी संप्रभुता पर हमला किया है. पाकिस्तान का दावा कि इस हमले में दो मासूम बच्चे मारे गए और तीन बच्चियां घायल हो गई. वहीं ईरान का दावा है कि उसने आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकाने पर एयर स्ट्राइक की. इसमें उसके कई ठिकाने ध्वस्त हो गए. ईरान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट अनुसार, जैश अल-अदल के दो ठिकानों पर ये हमले किए गए, ये पाकिस्तान से संचालित हो रहा था. मीडिया का कहना है कि ईरान ने ड्रोन और मिसाइलों के इस हमले में उसे बड़ा नुकसान पहुंचाया है. इस बीच पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया का कहना है कि इस हमले की जद में बलूचिस्तान की एक मस्जिद भी आ गई. इस दौरान कई लोग घायल हुए हैं.

**हमले की जद में बलूचिस्तान की एक मस्जिद भी आ गई -** मीडिया का कहना है कि ईरान ने ड्रोन और मिसाइलों के इस हमले में उसे बड़ा नुकसान पहुंचाया है. इस बीच पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया का कहना है कि इस हमले की जद में बलूचिस्तान की एक मस्जिद भी आ गई. इस दौरान कई लोग घायल हुए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, ईरानके हमले के कुछ वक्त पहले ही पाक के कार्यवाहक पीएम अनवारुल हक काकर ओर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियान की खास मुलाकात हुई थी.

## डीपफेक करने वालों की खैर नहीं, मोदी सरकार लाने जा रही कड़े प्रावधान




**नई दिल्ली** । डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इस संबंध में बैठकें हो चुकी हैं और सख्त कदम उठाने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज यानी, 16 जनवरी को बताया कि उन्होंने डीपफेक पर 2 बैठकें कीं। नए आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफेक को लेकर बड़े प्रावधान हैं। सभी के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। 7-8 दिनों में नए आईटी नियम नोटिफाई किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक पर सलाह के अनुपालन को प्लेटफार्मों से मिश्रित किया गया है और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए अगले 7 दिनों में सख्त आईटी नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने पहले ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों को स्पष्ट कर दिया था कि यदि डीपफेक पर उसकी सलाह का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया, तो उन पर नए आईटी नियमों का पालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कल ही सचिन तेंदुलकर की वीडियो डीपफेक का शिकार हुई थी।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

## खास खबर

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**गरियाबंद।** जनचौपाल में कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनचौपाल में आये ग्रामीणजनों से उनके आवेदन प्राप्त कर उनके नियमानुसार निराकरण करने के बारे में उन्हें अवगत कराया। आज के जनचौपाल में 87 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान नागरिकों समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में गरियाबंद गोवर्धनपारा के समस्त वार्डवासियों ने विद्युत केबल परिवर्तन एवं नया खम्भा लगाने, ग्राम तांवरबाहरा के रामभरोसा साहू ने मनरेगा अंतर्गत किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम छुईहा-जमाही के लोगों ने पीएम आवास अनुपूरक सूची में नाम जोड़वाने, ग्राम अतरमरा के लोगों ने पशुशेड की राशि दिलाने, ग्राम रोहिना की कामिन बाई ने मनरेगा अंतर्गत किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम नवाडीह की डोमेश्वरी ठाकुर ने वन अधिकार पत्र में नाम सुधारने, ग्राम डुमरबहाल की द्वादशी बाई ने बैंक खाता को पुन: चालू करने, ग्राम बिन्द्रानवागढ़ के रामअधार सिंह ठाकुर ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम परसदाजोशी की महिला स्वसहायता समूह ने प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन संचालन करने, ग्राम गुजरा के बाबुलाल ने ओलावृष्टि से रबी फसल नुकसान की आर्थिक सहायता राशि प्रदान, ग्राम कपसीडीह के ग्रामवासी ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने जैसे संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

### एम.डी. अबिनाश मिश्रा ने की स्मार्ट सिटी मिशन के योजनाओं की समीक्षा

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट प्रमुखों व कार्य एजेंसियों से कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूर्णत: ध्यान रखते हुए परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले एजेंसियों पर अनुबंध के शर्तों के अधीन सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के. पंचायती सहित प्रबंधक व कार्य एजेंसियों के प्रमुख, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट शामिल हुए। नगर निगम मुख्यालय गांधी सदन के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में सभी प्रोजेक्ट्स की सिलसिलेवार समीक्षा हुई। उन्होंने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के निरीक्षण भ्रमण के दौरान कार्य एजेंसी और प्रोजेक्ट प्रमुख को अनिवार्यत: उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए है। महाराजबंध तालाब में एस.टी.पी. निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने प्रोजेक्ट आगामी 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह अंडर ग्राउंड केबलिंग, 24-7 जलापूर्ति, मोतीबाग स्मार्ट लाइब्रेरी, शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट, बूढ़ातालाब सड़क निर्माण व पेरिफेरल रोड पाथवे निर्माण, महाराजबंध, नरैया एवं खो-खो तालाब में एस.टी.पी. स्थापना, छुईया तालाब आदि कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

# संगत, श्रवण और विचार ही मानव को उन्नति की ओर ले जाएंगे : मंत्री टंकराम वर्मा




लोकशक्ति संवाददाता।

**रायपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आरंग विकासखंड के ग्राम भैंसा के सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व माध्यमिक शाला में सांसद निधि से बने अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार का एक प्रमुख केंद्र है। सरस्वती शिशु मंदिर विद्या प्राप्ति का ऐसा केंद्र है, जिसकी साख कहीं और देखने को नहीं मिलेगी।

यहाँ पर जो संस्कार, मर्यादा और अनुशासन है, ये कही और सीखने को नही मिलेगा। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे अच्छा नागरिक और चरित्रवान बनें। विचार हमारे जीवन में परिवर्तन लाता है। हम जैसा सोचेंगे वैसा बनेंगे। विचार को बड़ा और सकारात्मक रखें। श्री वर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरक कहानी का भी सुनाया। कहानी के मूल केंद्र में विचार को जिंदगी बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया गया। जीवन को सुखद बनाने के लिए विचारों को सकारात्मक रखने पर बल दिया गया।

विचार तभी अच्छे होंगे जब हम अच्छी बातें सुनेगे और अच्छे लोगों से मिलेंगे। संगत, श्रवण और विचार ही विकास की ओर ले के जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर में शेड निर्माण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 15 हज़ार रुपए की स्वीकृति की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसद श्री सुनील सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर की अलग पहचान है। राज्य में जब बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होता है तो मेरिट लिस्ट में यहाँ के बच्चों का नाम जरूर होता है। बच्चों की शिक्षा के लिए सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य कड़ी मेहनत करते हैं, इसी का परिणाम है, यहाँ से पढ़ के निकले बच्चों की अन्य लोगों से अलग पहचान होती है। अनुशासन, संयम, अतीत का ज्ञान बच्चों को विशिष्ट स्थान की ओर ले जाता है। शिक्षा के लिए वातावरण बनाने का श्रेय आचार्यो के साथ बच्चों के पालकों पर भी जाता है।

इस अवसर पर आरंग जनपद सदस्य श्रीमती दिव्या अनिल सोनवानी, सरपंच श्री डुगेश साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रधानाचार्य श्रीमती मीना सोनी, विद्यालय की छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में पालक और अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तिल्दा विकासखंड के ग्राम तरपोंगी और सांकरा में आयोजित आभार रैली में शामिल हुए। आभार रैली के बाद राम भक्त गुहा राज की जयंती पर ग्राम सगुनी और बिलाड़ी में आयेजित कार्यक्रम में श्री वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राम के भक्त और सेवक गुहा राज आज सभी के नि:स्वार्थ कर्म करने का प्रेरणास्त्रोत हैं।

आज के समय मानवता की सेवा ही परम धर्म है। ग्राम सगुनी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। इसके साथ ही उन्होंने गांव के गौठान तालाब के सौंदर्यीकरण के 10 लाख रुपए की घोषणा भी की।



### एसडीएम ने शासकीय उचित मूल्य दुकान उचडीह का किया निरीक्षण

**सूरजपुर** आज एसडीएम.सूरजपुर लक्ष्मण तिवारी (आई.ए. एस.) के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान उचडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान विक्रेता दयाशंकर राजवाड़े के द्वारा स्टॉक में कमी और स्टॉक पंजी, वितरण पंजी संधारण नही करने के संबंध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नही दिया गया। जिसके कारण एसडीएम सूरजपुर द्वारा खाद्य निरीक्षक सूरजपुर को नियमानुसार प्रकरण तैयार कर उचित मूल्य दुकान निरस्त करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम के द्वारा खाद्य निरीक्षक को शासन के दिशा- निर्देशों की अवहेलना करने वालो दुकान संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

## संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने श्रीरामलला पर आधारित आभूषण उत्सव का किया शुभारंभ




लोकशक्ति संवाददाता।

**रायपुर।** पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित आभूषण उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रहा है, जिसके उत्सव में आज पूरा देश राममय हो गया है, इसका एक नजारा यहां आयोजित आभूषण उत्सव में भी देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सराफा ऐसोसिएशन द्वारा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का आत्मीय स्वागत किया गया। गौरतलब है कि आभूषण उत्सव में राम मंदिर रेप्लिका पर आधारित हीरों का पेंडेंट प्रदर्शित किया गया। 965 नेचुरल डायमंड और लगभग 90 ग्राम सोने के बने पेंडेंट को 45 दिनों में तैयार किया गया है।

यहां राम दरबार का पेंडेंट भी देखने को मिला। इस आयोजन में रायपुर शहर के लगभग 45 सराफा व्यापारी हिस्सा ले रहे हैं। यह व्यापारिक उत्सव है, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, ओडिसा, आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों के सराफा व्यापारी भी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर रायपुर सराफा ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, अमित पारेख सहित बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित थे।

# बच्चों को पौष्टिक भोजन और पीने का शुध्द पानी उपलब्ध कराया जाए: मंत्री रामविचार नेताम

लोकशक्ति संवाददाता।



**रायपुर।** आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम आज बलरामपुर प्रवास के दौरान विभिन्न आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह में संचालित एकलव्य और पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय का जायजा लिया और कहा कि आवासीय विद्यालयों में रह रहे बच्चों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही बच्चों को पौष्टिक भोजन और शुध्द पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आवासीय विद्यालय में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं सहित निर्माणाधीन भवनों, खेल मैदान तथा सामग्री की उपलब्धता की जानकारी भी ली।

मंत्री श्री नेताम सवेरे छात्रावासों का निरीक्षण करने विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम भेलवाडीह पहुंचे थे। उन्होंने यहां शासन द्वारा संचालित एकलव्य और पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय विद्यालयों के छात्रावासों में भोजन व्यवस्था तथा पीने के पानी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुध्द और पौष्टिक भोजन के साथ-साथ पीने का साफ पानी उपलब्ध कराएं। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा कर पढ़ाई-लिखाई साथ ही अध्ययन हेतु पुस्तक की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता, खेल सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली।

मंत्री श्री नेताम ने भ्रमण के दौरान छात्रावास में बनाए जा रहे मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया और निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने पुस्तकालय, बच्चों के स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु डिस्पेंसरी रूम में रखे गए दवाईयों के साथ ही छात्रावास शयन कक्ष का भी जायजा लिया और छात्रावास परिसर को पूर्ण रूप से साफरखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल बहुत आवश्यक है, इसलिए बच्चों के खेल के लिए पर्याप्त मात्रा में खेल सामग्री उपलब्ध कराया जाए।

इस मौके पर कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर, सहायक आयुक्त आदिवासी, जनपद अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलरामपुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

लोकशक्ति संवाददाता।



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के ''नीर भवन'' में विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रदेशवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की महती मुहिम शुरू की है।

इसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों को जल्दी भरने पर भी जोर दिया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता एम.एल. अग्रवाल सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता समीक्षा बैठक में मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिलेवार सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा स्थापित हैंडपंपों के संधारण एवं सुधार के लिए विशेष अभियान चलाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प पेयजल का महत्वपूर्ण स्त्रोत है।

यह हमेशा चालू हालत में रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी जिलों के कार्यपालन अभियंताओं ने जल जीवन मिशन के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री साव ने राज्य की सभी बसाहटों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्मियों में कहीं पर भी पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

श्री साव ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पेयजल योजनाओं की सतत् निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने तथा कार्य के प्रति उदासीन अधिकारियों पर कार्यवाही करने को कहा।

उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यों में तेजी लाते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माण व सुधार के आवश्यक कार्य त्वरित गति से हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यालय में ही रहकर अपने कार्य संपादित करें। श्री साव ने बैठक में समूह नल जल योजनओं, जल आवर्धन योजनाओं, नलकूल खनन तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हैण्डपम्पों के संधारण एवं खनन कार्यों की भी समीक्षा की।

# जिले के पंजीकृत 390 मानस मंडलियों को दिए जायेंगे पांच - पांच हजार रुपए प्रोत्साहन राशि

लोकशक्ति संवाददाता।

**गरियाबंद।** राज्य के संस्कृति संचालनालय के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत जिले के 390 मानस मंडलियों को 5-5 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।राज्य शासन से इसके लिए आबंटन जारी किया गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज समय सीमा की समीक्षा बैठक में जिले के पंजीकृत मंडलियों को प्रोत्साहन राशि जल्द आबंटित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला स्तरीय और जिले के सभी विकासखंडों में 22 जनवरी को भव्य मानस गान एवं भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर धार्मिक स्थलों के सजावट,रंग रोगन,लाइटिंग एवं साज-सज्जा पर विशेष ध्यान देते हुए धार्मिक स्थलों में भक्तिमय वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' की तैयारी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आसपास के मंदिरों में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के गांवों के देवालयों एवं मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समय सीमा की समीक्षा बैठक में धान खरीदी की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी 90 धान खरीदी केन्द्रों में आवक धान,उठाव किए गए धान,उठाव के लिए शेष धान,लक्ष्यानुसार खरीदी,केंद्र में उचित व्यवस्था एवं धान को विपरीत मौसम से बचाने किए गए उपाय आदि का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।इसके लिए 90 नोडल अधिकारी बनाए गए है। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को केंद्रों में जाकर निर्धारित प्रारूप में दिए जांच बिंदुओं पर सत्यापन का काम पूर्ण करके जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर बचे हुए दिनों में धान खरीदी लक्ष्यानुसार संपन्न करने समिति वार योजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने लगातार कार्यवाही करने के भी निर्देश सभी एसडीएम को दिये।

### असंगठित कर्मकार मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत 302 पंजीकृत श्रमिकों को किया गया लाभान्वित

जशपुरनगर श्रम विभाग के अंतर्गत् छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सुरक्षा मंडल अंतर्गत् संचालित मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के तहत् जिले के पंजीकृत महिला एवं पुरूष श्रमिकों को लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी श्रम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना के तहत् 90 पंजीकृत श्रमिक को 3 लाख 33 हजार 432 रुपए, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत् 8 पंजीकृत श्रमिक को 63 हजार 200 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार कीट सहायता योजना के तहत् 11 पंजीकृत श्रमिक को 39 हजार 842 रुपए एवं मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के तहत् 193 पंजीकृत श्रमिकों को 6 लाख 65 हजार 657 रूपए का लाभ दिया गया है। इस तरह योजना के तहत् कुल 302 पंजीकृत महिला एवं पुरूष श्रमिकों को 11 लाख 7 हजार 374 रूपए आर.टी.जी.एस के माध्यम से हस्तांतरित किया गया है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रम विभाग व लोक सेवा केन्द्र तथा व्हीएलई के माध्यम से दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

# जनदर्शन में प्राप्त हुए 15 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़** आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने समय सीमा बैठक पश्चात जनदर्शन के आवेदकों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत होते पैतृक संपत्ति में दावेदारी के लिए, राजस्व रिकार्ड में नाम जुडवाने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, नल कलेक्शन, बकाया भुगतान जैसी मांग व समस्याओं को स्वयं सुना। आवेदक श्रवण सिंह जो कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला एमसीबी में कंप्यूटर आपरेटर (कलेक्टर दर पर) अक्तूबर से दिसम्बर 2023 तक लंबित वेतन दिलाने के, दर्रीटोला की रामपति ने जमीन संबंधी, ग्राम अखराडांड के बेला बाई समूह एवं स्कूल के शिक्षको के द्वारा प्रताड़ित करने से, ग्राम कोड़ा के पौलुस टोप्पो व विजय टोप्पो ने ध्रुवत चौहान खोंगापानी निवासी द्वारा पट्टे की जमीन पर जिस पर खेती करते आ रहे है, उस जमीन पर पेट्रोल पंप लगाने के लिए धमकी दिए जाने के संबंध में, ग्राम सलका के रोहित लाल व लाखमन एवं कुछ अन्य के द्वारा रकबा कम करने, मनेन्द्रगढ़ निवासी राजेश कुमार जायसवाल द्वारा विगत 5 वर्षा से आवेदक की भूमि स्वामी हक़ की भूमि का सीमांकन एवं नक्शा तर्मिम की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने एवं कलेक्टर जन चौपाल में 24 मई 2023 को आवेदन दिए जाने के लगभग 8 माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने की सुचना वास्ते त्वरित कार्यवाही कर न्याय दिलाये जाने बावत आवेदन, ग्राम सलका निवासी गजरूप सिंह द्वारा आवेदक के हक़ एवं कब्जे की भूमि को अन्य व्यक्ति लालजी पिता शिवमंगल के नाम से जारी वन अधिकार पट्टा निरस्त करने, ग्राम नारायणपुर सरपंच एवं ग्राम वासियों द्वारा बैगापारा में निवास बैगा परिवारों के द्वारा ग्राम सभा में मांग किये गए कार्यों की स्वीकृति प्रदाय करने, ग्राम सलका निवासी लखमन एवं सुन्दर साय एवं अन्य के द्वारा ग्राम सलका में स्थित भूमि खसरा न. 905 का पट्टा निरस्त किये जाने, ग्राम सेंधा निवासी दलबीर प्रसाद कुर्रे द्वारा जमीन दिलाने, ग्राम सेंधा निवासी रीता कुर्रे द्वारा जमीन के संबंध में, ग्राम लरकोडा निवासी जानकी बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना जिओ टेक लंबित प्रकरण को ठीक करने, ग्राम बंजी निवासी प्रेमचंद प्रजापति द्वारा वर्ष 2019-20 में स्वीकृत कूप निर्माण अधूरे कार्य को पूर्ण कराने हेतु आवेदन ग्राम बंजी निवासी प्रेमचंद प्रजापति द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत पशु शेड आवेदन पत्र ग्राम सोनहरी के तुलसी प्रसाद के द्वारा मृतक माँ सहदेई पति स्व. कुंडली का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये।

बैठक में इस दौरान वनमण्डलाधिकारी लोकनाथ पटेल, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, एसी ट्राइबल उषा लकड़ा, खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर, उमेश कुमार पाण्डेय, समस्त जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## खास खबर

### घाटी में स्टंट कर रहे युवकों ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पैर की हड्डी टूटी

**जशपुर (ए)।** नेशनल हाइवे 43 मेंलोरो घाटी के रामबंध के पास तेजरफ्तार बाइक सवार युवकों ने एक बाइक सवार कोटक्कर मार दी। इस घटना में 50वर्षीय ग्रामीण कापैर टूट गया। घटना दोपहर करीब 12 बजेकी बताई जा रही है। तीन बाइक में सवार युवकघाटी में स्टंट कर रहे थे। दुलदुला थाना प्रभारी राजकुमार कश्यप ने बताया कि कुनकुरी निवासी फादर रोमिन तिग्गा अपने काम सेजशपुर आए हुए थे।

काम निपटाने के बाद अपनी मोटर साइकिल से कुनकुरी जा रहे थे। इस दौरान लोरो घाटी के पास तीन बाइक सवार युवक स्टंट करते हुए सामने से आ रहे थे। जहां रामबंध के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित युवक ने फादर को जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार 50 वर्षीय रोमिन तिग्गा सड़क किनारे छिटक कर गिर गए। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई। उनका पैर टूट गया। घटना के बाद स्टंट कर रहे युवक मौके से भाग निकले। हालांकि पीछे से आ रहे अन्य मोटरसाइकिल चालकों ने युवको का पीछा किया, लेकिन उन तक नहीं पहुंच पाये। वहां से गुजर रही पेट्रोलिंग टीम ने गंभीर रूप से घायल रोमिन एक्का को उपचार के लिए कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

### घर से निकले बुजुर्ग की मिली लाश सिर पर चोट के निशान

**जांजगीर (ए)।** सोमवार की रात घर से निकले अधेड़ का शव मंगलवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में सड़क पर मिला। अधेड़ के सिर पर चोट के निशान होने से हत्या कर शव को फेंकने की आशंका है, पर शॉर्टपीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने इसकी पुष्टि नहीं की है, बल्कि बिसरा को प्रिजर्व कर दिया है। बिसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो सकेगा। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राछाभांठा निवासी रामरतन कश्यप सोमवार की रात को अपने घर से निकला था। बताया जा रहा है, कि उसने शराब पी थी।

वह रात भर वापस घर नहीं लौटा। मंगलवार की अलसुबह सड़क पर एक लाश देखी, जिसकी पहचान रामरतन कश्यप के रूप में हुई। जिस जगह पर वह पड़ा था, वहां पर लोगों ने उसके सिर पर चोट के निशान देखे। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम करने वाले डॉक्टर ने मौत की कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई है। टीआई सत्यकला रामटेके के अनुसार पति पत्नी के बीच शराब के नाम पर विवाद होता था।

एएसपी ट्रामरतन के बड़े भाई ने पूछताछ में बताया है कि रामरतन ने शराब पी थी, इसके बाद वह नहीं लौटा। मृतक का पीएम कराया गया है, शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

# सूखे नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली दवा जब्त

संवाददाता।

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस को सूखे नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कामयाबी मिली है। मोहन नगर थाने में दर्ज एक एफआईआर और उस मामले में दुर्ग से गिरफ्तार युवक-युवती के जरिए राजस्थान से जुड़ लिंक का पता चला। पुलिस की टीम ने राजस्थान जाकर वहां से शातिर बदमाश को पकड़ा जो कि डार्क वेब के नाम से बने वेबसाइट के जरिए नशीली टेबलेट व सिरप सप्लाई करता था। इस मामले में दुर्ग पुलिस ने तिरूपति विहार देवपुरा जिला बुंदी राजस्थान अंकुश पॉलीवाल (35) को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने 1 करोड़ 60 लाख 44 हजार रुपए से भी अधिक की नशीली टेबलेट व सिरप जब्त किया है।



इस पूरे ऑपरेशन को दुर्ग सीएसपी मणिशंकर अय्यर ने लीड किया है। दरअसल इस केस की शुरुआत दुर्ग शहर से हुई थी। दुर्ग जिला के वैभव खण्डेलवाल एवं आकांक्षा खण्डेलवाल द्वारा इण्डिया मार्ट के साईट में जाकर एक फर्जी कम्पनी वैभव फार्मसिटीकल बनाया गया था। इनके द्वारा राजस्थान के अंकुश पालीवाल से प्रतिबंधित नशीली दवाईयों मंगाकर ऑनलाईन कम्पनी इण्डिया मार्ट में वाइरस मेडिकोस के नाम से पूरे देश में अवैध रूप से सप्लाई किया जाता था। आकांक्षा खण्डेलवाल के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में रिटेल में बेचा जाता था। इन दोनों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### आरोपियों से पूछताछ में मिला लिंक

सीएसपी मणिशंकर अय्यर ने बताया कि दुर्ग में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि किस प्रकार से फर्जी कम्पनी बनाकर अवैध रूप से नशीली दवाईयों का व्यापार कर पैसा कमाया जा रहा है। उनके द्वारा अंकुश पालीवाल से सम्पर्क कर अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाईयां ऑनलाईन प्राप्त कर अवैध रूप से बेचा जा रहा था। आरोपी वैभव खण्डेलवाल ने बताया कि राजस्थान के बुंदी जिले के बायो लेब रेमेडिस से इण्डिया मार्ट के माध्यम से फर्जी दस्तावेज के सहारे प्रतिबंधित नशीली दवाईयां को बेची जा रही हैं।

### पुलिस की टीम ऐसे पहुंची आरोपी तक

सीएसपी मणिशंकर अय्यर ने बताया इसके बाद विशेष टीम गठित कर नगर राजस्थान बूंदी जिले रवाना किया गया। जहां पर बायोलेब रेमेडिस के संचालक अंकुश पालीवाल को विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें उनके द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके द्वारा अवैध रूप से बने कंपनियों को प्रतिबंधित दवाईयो की सप्लाई किया जा रहा था। इसके बाद राजस्थान के कोटा, बुन्दी और जयपुर में छोपेमारी कर 1 करोड़ 60 लाख 44 हजार रुपए की टेबलेट व सिरप जब्त किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय मार्केट भी बना रखा था आरोपी ने

पुलिस को पता चला कि अंकुश पालीवाल द्वारा पूरे देश के विभिन्न राज्यों तथा अंतराष्ट्रीय मार्केट बांग्लादेश में ऑनलाईन माध्यम से फर्जी कम्पनियों को नशीली दवाईयों सप्लाई कर रहा था। दुर्ग पुलिस ने दबिश देकर अंकुश पालीवाल को गिरफ्तार किया उसके द्वारा अवैध रूप से जमा किये गये प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और सिरप को जब्त किया। जब्त टेबलेट व सिरप का मार्केट रेट 1 करोड़ 60 लाख 44 हजार रुपए से ज्यादा का है। सूखे नशे 0के खिलाफ छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई दुर्ग पुलिस द्वारा किया गया।

### पुलिस रेड की खबर से आउट हुए कई लोग

मणिशंकर अय्यर ने बताया कि डार्क वेब के जरिए इस कारोबार से कई लोग जुड़े हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो से इस वेसाइट के जरिए लोग जुड़े हैं। दुर्ग पुलिस की रेड से पहले की वेबसाइट से कई लोग आउट हो गए। फिलहाल छत्तीसगढ़ से इस व्यापार में कितने लोगों की संलिप्तता है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणिशंकर चन्द्रा, प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक आकांक्षा पाण्डेय, निरीक्षक विजय यादव, थाना प्रभारी मोहन नगर उपनिरीक्षक चेतन चन्द्राकर, चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा, प्रधान आरक्षक जावेद खान, आरक्षक कांती शर्मा, आरक्षक गौरसिंग राजपुत, नासिर बख्स, कमलेश यादव, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक विकांत यदु के साथ राजस्थान बूंदी जिले के सदर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार, एएसआई शिवराज सिंह, आरक्षक गजानंद का सहयोग रहा।

# अचानक टायर फटा, धान से भरे ट्रक में लगी आग, 2 ने कूदकर बचाई जान

**महासमुंद (ए)।** एनएच-53 में मंगलवार अल सुबहतुमगांव के पास धान से भरे ट्रक में आग लग गई। आग लगते ही चालक व परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि ट्रक पहले से खड़ा था, टायर के फटने से ट्रक में आग लग गई। ट्रक में लोड करीब 50 कट्टा धान भी जल कर राख हो गया। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। तत्काल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीबी 8233 सरायपाली से कांपा की ओर आ रही थी। तुमगांव के पास टायर फटने से उसमें आग लग गई थी। ट्रक के चालक और परिचालक ने टायर में लगी आग पानी से बुझा दिया और दोनों ट्रक में ही सो गए। टायर में लगी आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई थी, जो धीरे-धीरे तेज हो गई, जिससे ट्रक में आग लग गई। दोनों ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई और तत्काल डायल 112 को इसकी सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर तुमगांवपुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया गया।



# युवती से 3 युवकों ने किया गैंगरेपः बालोद में अर्धनग्न हालत में रेलवे ब्रिज के नीचे छोड़ा

**बालोद (ए)।** बालोद जिले के गुंडरदेही में फैंसी स्टोर में काम करने वाली युवती से गैंगरेप की घटना सामने आई है। 3 नशेड़ियों ने युवती से गैंगरेप किया और अर्धनग्न हालत में उसे छोड़कर फरार हो गए। मामला गुंडरदेही थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, हर दिन की तरह दुकान में काम करने के बाद युवती अपने दोस्त के साथ सोमवार रात को घर लौट रही थी। इसी दौरान नशे में धुत्त 3 युवक उसका पीछा करने लगे। जैसे ही सुनसान इलाका आया, तीनों आरोपियों ने पहले तो युवती के दोस्त के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया। फिर युवती को बंधक बनाकर उसे खेत में ले गए और गैंगरेप किया।




### बेसुध युवती को देखा लोगों ने

रेप के बाद तीनों युवकों ने युवती को अर्धनग्न हालत में रेलवे ब्रिज के नीचे छोड़ दिए। इधर घटना से आहत युवती रेलवे ट्रैक की ओर जा रही थी, जिसे लोगों ने देखा और पूछताछ की, तो युवती ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद युवती की सहेलियों को फोन करके बुलाया गया और नए कपड़े खरीदकर उसे घर भेजा गया। घर जाकर युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन युवती को लेकर गुंडरदेही थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### संदिग्धों से हो रही पूछताछ

गुंडरदेही थाना प्रभारी अरविंद साहू ने कहा कि मामला संसेटिव होने के कारण पुलिस गंभीरता से इसकी जांच कर रही है। युवती की शिकायत पर थाने में 3 युवकों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 376(2)ह, 376 (डी), 363 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले में तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# 88 हेलमेट में छिपाकर गांजा तस्करी, ओडिशा से रायपुर होकर ले जा रहे थे उत्तरप्रदेश

**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 22 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। इसे हेलमेट में छिपाकर ओडिशा से रायपुर होते हुए उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। तस्करों ने इसे बड़े ही शातिर तरीके से कार्टन और पॉलिथिन की 5 लेयर के नीचे छिपाया था।

एंटी क्राइम यूनिट को सूचना मिलने पर गंज पुलिस के साथ मिलकर नाकेबंदी की गई और मौके से 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है। रायपुर ASP क्राइम पीताम्बर पटेल ने बताया कि नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली कि तेलघानी नाका चौक की ओर से चारपहिया गाड़ी में कुछ लोग सवार होकर आ रहे हैं। उनके पास गांजे की बड़ी खेप है।




### हेलमेट के अंदर छिपाया गया था

पुलिस ने फाफाडीह चौक पर नाकेबंदी कर वाहन को रोका जिसमें 3 लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मोनिश कुरैशी, साहिल खान और भोजराम साहू बताया। पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी की जब तलाशी ली तो पीछे कई बोरे लोड थे। जिसके अंदर हेलमेट रखे होने की बात कही।

पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने बोरी के अंदर कार्टन को खुलाया। पार्सल के अंदर बोरियों और कार्टन की परत दर परत खुलती गई। जब सच्चाई सामने आई तो पुलिस दंग रह गई। हेलमेट के बीच में पालिथिन में लपेट कर अंदर गांजा रखा हुआ था। उसे बड़ी चालाकी से गांजा तस्करों ने पैक किया था।

### ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे गांजा

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कि तो पता चला कि, आरोपी गांजे को ओडिशा के कोरापुट जिले से लेकर आ रहे थे। उन्हें माल रायपुर होते हुए उत्तर प्रदेश लेकर जाना था। आरोपियों के पास से बरामद गांजे का कुल वजन 2 क्विंटल 15 किलोग्राम है।

### 3 लोग गिरफ्तार

गंज पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा गांजा समेत सप्लाई में इस्तेमाल 6 लाख कीमत की गाड़ी को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कुल 27 लाख का माल जब्त किया है। इस मामले में अब आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोटाडोल में कृषकों ने जाना ड्रोन से कृषि का तरीका



मनेन्द्रगढ़ । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगातार विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक के माध्यम से खेती के पद्धति में बदलाव लाने के उद्देश्य से जिले में ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया, डी.ए.पी. छिड़काव के प्रदर्शन को देखने के लिए किसानों में भारी उत्साह है और कृषकों के मध्य आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

संपादकीय

## कूटनीतिक संबंधों का दायरा

आम समझ है कि कूटनीति एक बेहद गंभीर कार्य है, जिसका अत्यंत बारीक दायरा होता है। यह सोशल मीडिया ट्रोल्स की समझ से बाहर की बात है। इसलिए इसे पेशेवर कूटनीतिकों के दायरे में ही रखना उचित होता है।मालदीव के साथ रिश्ता अब ब्रेकिंग प्वाइंट पर पहुंचता नजर आ रहा है। फिलहाल यह साफहै कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने चीन को अपनी विदेश नीति में केंद्रीय स्थान दे दिया है। ऐसा वे भारत के हितों और भावनाओं की कीमत पर कर रहे हैं। हाल की चीन यात्रा के बाद उनकी सरकार का रुख और सख्त हुआ है। नतीजतन, मालदीव ने भारत से अपने उन सैनिकों को 15 मार्च तक वापस बुला लेने को कह दिया है, जो वहां उन दो हेलीकॉप्टरों की देखरेख के लिए तैनात थे, जिन्हें भारत ने मालदीव को उपहार के रूप में दिए थे। अनुमान लगाया जा सकता है कि हाल में दोनों देशों के संबंधों में बढ़ी कड़वाहट का असर मोइज्जू सरकार के रुख पर पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्षद्वीप दौरा, उसके बाद सोशल मीडिया पर पर्यटन के लिए मालदीव के विकल्प के रूप में लक्षद्वीप को प्रचारित करने की मुहिम, उस पर मालदीव के तीन नेताओं की मोदी के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल और फिर भारत में सोशल मीडिया पर जताए गए अनियंत्रित गुस्से ने हालात सुलगा दिए हैं।इस बीच नई दिल्ली स्थिति मालदीव के राजदूत को भारतीय दूतावास में भी बुलाया गया था। अब यह विचारणीय है कि पास-पड़ोस के देश भारत से क्यों बिदकते जा रहे हैं? और अगर किसी देश के ऐसा करने का संकेत मिले, तो हालात को संभालने का सही रास्ता क्या है? आम समझ है कि कूटनीति एक बेहद गंभीर कार्य है, जिसका अत्यंत बारीक दायरा होता है। यह सोशल मीडिया ट्रोल्स की समझ से बाहर की बात है। इसलिए इसे पेशेवर कूटनीतिकों के दायरे में ही रखना उचित होता है। यह ठोस समझ बन चुकी है कि विदेश संबंधों और उनसे जुड़े विवादों का घरेलू राजनीति में लाभ उठाने की रणनीति देश के दीर्घकालिक हितों को क्षति पहुंचाती है। इसलिए ऐसे नजरिए पर अब पुनर्विचार की जरूरत है।



## सौ दिनों में नेतन्याहू और फेल!

**श्रुति व्यास**इजराइल-हमास युद्ध को शुरु हुए सौ दिन पूरे हो गए हैं।इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पूर्ण विजय' तक लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया है। वे इन तथ्यों के बावजूद यह रवैया त्यागने को तैयार नहीं हैं कि युद्ध का नतीजा अनिश्चित है औरगाजा में मौतें बढ़ रही हैं। साथ ही यह डर भी बढ़ रहा है कि लड़ाई एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का स्वरुप ले सकती है।गाजा के अधिकारियों के मुताबिक, इजरायली सेना द्वारा हमास के खिलाफछेड़े गए युद्ध में अब तक 23,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा की ज्यादातर आबादी विस्थापित हो चुकी है।दक्षिण अफ्रीका ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए प्रकरण दायर किया है। अमेरिका ने इजराइल से कहा है कि वह सैन्य अभियान को धीमा करे। कई अन्य देशों ने तुरंत युद्धविराम लागू करने की मांग की है। यहूदी-विरोधी विचारधारा जोर पकड़ रही है और यहूदियों के प्रति दुनिया की सहानुभूति घट रही है।इस सबके बाद भी नेतन्याहू ईरान और उसके द्वारा प्रायोजित लेबनान में सक्रिय हिज़्बुल्लाह और यमन में केन्द्रित हूतियों को ललकार रहे हैं। हिजबुल्लाह और हुतियों द्वारा फिलिस्तीनियों के साथ उनकी एकजुटता दिखाने के लिए की जा रही सैनिक कार्यवाहियों से बड़े टकराव का खतरा बढ़ गया है।अमेरिका भी इस टकराव में शामिल हो गया है। उसने हूतियों द्वारा व्यापारिक जहाजों पर दो दर्जन से अधिक हमलों की प्रतिक्रिया में पिछले हफ्ते यमन में हूतीयों के अड्डों पर हवाई हमले किए। इजराइल-लेबनान सीमा पर भी गोलीबारी जारी है, जिसके चलते हजारों इजरायली और लेबनानी आसपास के इलाके छोडऩे को बाध्य हो गए हैं। इजराइल ने चेतावनी दी है कि यदि इनके वापिस लौटने के लिए किए जा रहे कूटनीतिक प्रयास सफल नहीं हुए तो वह वहा भी सैनिक कार्यवाही करेगा। बीबी की धमकियों का जवाब देते हुए हिज़्बुल्लाह के नेता हसन नसराल्ला ने भी धमकी दी: ÷आज 99 दिनों के बाद भी हम युद्ध के लिए तैयार हैं। हम युद्ध से नहीं डरते।÷इस सबसे नेतन्याहू जरा भी चिंतित नहीं हैं। वे घरेलू मोर्चे पर नाकामबियों के वावजूद अडिग हैं। वे युद्ध के घोषित लक्ष्यों ङ्क हमास को तबाह करने और बंधकों को मुक्त कराने ङ्क को अभी तक हासिल नहीं कर पाए हैं। और अब जनता में बीबी के प्रति नाराजगी पैदा होने लगी है, क्योंकि ज्यादातर बंधक अभी तक वापस नहीं लाए जा सके हैं। इजराइल में रविवार को, जो वहां छुट्टी का दिन नहीं होता है, बंधकों के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए 100 मिनिट तक विश्वविद्यालयों, कई उद्योग-धंधों, स्थानीय एवं सार्वजनिक संस्थाओं में कामकाज रोका गया। दसियों हजार इजरायली शनिवार की रात तेल अवीव में बंधकों और उनके परिवारजनों के प्रति समर्थन व्यक्त करने के लिए आयोजित एक रैली में शामिल हुए। कई प्रदर्शनकारियों ने सरकार से बाकी बंधकों की रिहाई तुरंत सुनिश्चित करने की मांग करते हुए शहरों को जोडऩे वाले मुख्य हाईवे को बंद कर दिया।साफ़है कि नेतन्याहू का राजनैतिक भविष्य अधर में है। इजराइल के सर्वोच्च न्यायालय ने भी न्यायिक सुधार के उनके विवादस्पद कदमों को खारिज कर दिया है। एक और मुसीबत भी है।सवाल है बंधकों की रिहाई को युद्ध का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए या हमास को नष्ट करना? कुछ इजराइली पहले के पक्ष में हैं और कुछ दूसरे के। और इन दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ रहा है जो इजराइल के सत्ताधारी गठबंधन में बढ़ते विभाजन में भी प्रतिबिंबित है।कुल मिलाकर इजराइल में अफरातफरी का माहौल है। पूरे क्षेत्र में इजराइल की बेजा हरकतों के चलते अशांति है और इजराइल की स्वयं की सुरक्षा भी खतरे में है।

# गठबंधनों की माया से मुक्त होकर अकेली चलेगी मायावती



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



**बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फ़ायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है।**

आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है।

लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आई।

मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थी, यही कारण है मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिंगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है।

मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है। यह बात बिल्कुल सच है कि गठबंधन में रहकर आकाश आनंद के लिए अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ाने की उतनी खुली आजादी नहीं मिल पाती।

मायावती की ताजा घोषणाएं राजनीतिक क्षेत्र में जहां हलचल पैदा करने का बड़ा कारण बनी है, तो वहीं विपक्षी दल इन घोषणाओं से बौखलाये भी हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि मायावती भाजपा सरकार की केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से घबरायी हुई है। वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका के दबाब में आकर ही यह फैसला किया हैं। इन आरोपों में सचाई हो सकती है, लेकिन राजनीति से जुड़े तमाम नेता एवं दल दूध के धूले नहीं है, उन पर ऐसी ईडी का साया मंडरा सकता है, फिर वे भी ऐसे ही राजग को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय क्यों नहीं लेते? भले ही विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हो, या इसी वजह है कि बसपा सुप्रीमो ने उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। विपक्षी भले कितने ही आरोप लगाती रहे, लेकिन मायावती को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाये रखने में वह पूरी तरह नाकाम रहा है।

एक समय ऐसा था जब मायावती एवं बसपा का राजनीतिक जादू सिर चढ़कर बोलता था। लेकिन यही अहंकार एवं जन-विरोधी राजनीति ने मायावती को जल्दी ही उसकी जमीन दिखा दी। दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर में मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का जादू इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं जादूई व्यक्तित्व ने सेंध लगा दी है। बहरहाल, बसपा का अकेले चुनाव लड़ना भाजपा को रास आएगा क्योंकि इससे विपक्षी गठबंधन का जनाधार खिसकेगा। जिससे भाजपा की जीत की राह आसान हो सकती है।

**यह निजी विचार ह।**

# भरोसे का नाम!

**हरिशंकर व्यास**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खडग़े यदि इंडिया' के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफवोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे।उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है।इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का रोल अहम है। खडग़े की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबंधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं।इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकर्ताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं। कांग्रेसी नेताओं का मिजाज जमीनी कार्यकताओं से मिलने, उन्हें करो-मरो की राजनीतिक लड़ाई के लिए प्रेरित करने का कतई नहीं है। सभी शिकायत करते मिलते हैं- हमें पूछता कौन है? मिलने का वक्त कौन देता है?बहरहाल, मल्लिकार्जुन खडग़े की अध्यक्षता से कुछ बदला लगता है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडग़े चुनाव लड़-लड कर, उन्हें जीतते हुए नेता बने हैं। हिसाब से खडग़े का जैसा जो राजनीतिक जीवन और अनुभव है वह जहां कांग्रेस में संभावनाओं का प्रमाण है वही राजनीतिबाजों के लिए अनुकरणीय भी। फिलहाल शरद पवार (83 वर्षीय) को छोड़ खडग़े सभी पार्टियों के मौजूदा सक्रिय नेताओं में सर्वाधिक उम्रदराज (81 वर्षीय) हैं लेकिन सेहत-सक्रियता-समझ और संजीदगी में मजबूत हैं। मामूली बात नहीं है जो खडग़े 1972 से लगातार बारह दफा विधानसभा-लोकसभा चुनाव लड़े और ग्यारह बार जीते। इतना ही नहीं उनकी कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी में पकड़ धाराप्रवाह भाषण की है।मैं इस सबका उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि नीतीश कुमार या शरद पवार आदि में किसी की जगह यदि इंडिया' के संयोजक, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े बनते हैं तो विपक्षी एलांयस में बिखराव नहीं बनेगा। शरद पवार खुद उम्र और सेहत की वजह से महाराष्ट्र में अपने को समेटे हुए हैं। नीतीश कुमार के अरमान हैं लेकिन उन पर भरोसा अब जनता दल यू के भीतर भी नहीं रहा होगा। वे पार्टी में भाजपा के करीबी नेताओं की कठपुतली बन गए लगते हैं। सो, वे कब पाला बदल लें, क्या बोल जाएं, इसका चुनाव घोषणा तक सस्पेंस रहेगा।यों विपक्ष को चेहरे की जरूरत नहीं है। न नरेंद्र मोदी के आगे उसे कोई चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहिए। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों को सिर्फऔर सिर्फवह नेता चाहिए जो विरोधी नेताओं को परस्पर जोड़े रखे और उनके दिल-दिमाग में यह सत्य पैठाए कि यह उनकी राजनीति का आखिरी चुनाव है!सवाल है क्या मल्लिकार्जुन खडग़े उत्तर भारत के विरोधी नेताओं को समझा सकेंगे? वे कांग्रेस को क्या हिंदी भाषी राज्यों में लडऩे लायक बना सकेंगे? मुश्किल है। अपना मानना है वे खुद अपनी पार्टी के उत्तर भारतीय नेताओं, क्षत्रपों को भी नहीं समझा सकते हैं कि उन्हें क्यों कर लोकसभा चुनाव में करो-मरो की मेहनत करनी है! कांग्रेस के लिए जरूरी है जो वह राज्यसभा, एआईसीसी और प्रदेशों में बैठे सभी मठाधीशों को लोकसभा चुनाव लड़ाए। जो काम भाजपा करती है और माहौल बनाती है वह कांग्रेस-विपक्ष को भी करना होगा। भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों में अपने कई मठाधीश नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा। इससे यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चुनाव जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगाए हुए हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसे आइडिया पर काम करवाने की सोच और हिम्मत न राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी में है और न मल्लिकार्जुन खडग़े बैठकों में उत्तर भारत के कथित बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में झोंकने के मूड में हैं।सचमुच यदि यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात मतलब भाजपा के गढ़ों में कांग्रेस सभी आला नेताओं को चुनाव लड़ाने का इरादा बनाए तो चालीस-पचास उम्मीदवारों की उसकी ऐसी लिस्ट बनेगी, जिससे अपने आप कांग्रेस के करो-मरो मोड में चुनाव लगने की हवा बनेगी। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, सीपी जोशी, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, हरीश रावत, राज बब्बर, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, भूपेंदर सिंह हुड्डा, दीपेंदर सिंह हुड्डा, अजय राय, गोविंद सिंह डोटासरा, जीतू पटवारी, या राज्यसभा के तमाम कांग्रेसी सांसदों, विधायक नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों, दिग्गज विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए ताकि हिंदी भाषी प्रदेशों में तीन-चार दर्जन सीटों पर कांग्रेस के कड़े मुकाबले का मनोविज्ञान बने।पर इस तरह की किसी आक्रामक एप्रोच में एआईसीसी और मल्लिकार्जुन खडग़े फिलहाल दिखलाई नहीं दे रहे हैं। जबकि हिसाब से कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा जैसे राज्यों में भाजपा से सीधे मुकाबले का है। ये प्रदेश भाजपा को शत-प्रतिशत नतीजा देने वाले हैं। इसलिए राजस्थान में सचिन पायलट या अशोक गहलोत व मध्य प्रदेश में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह जैसों के चुनाव में उतरने से कांग्रेस को एक-दो सीट भी मिली तो वह भाजपा को झटका होगा।पर कांग्रेस के उत्तर भारतीय आला नेताओं में निज प्रतिष्ठा दांव पर लगा कर चुनाव लडऩे का अब हौसला नहीं है। ऐसा संकट लगभग सभी विरोधी पार्टियों का है। कहने को उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव, मायावती, जयंत चौधरी अपने बूते लोकसभा चुनाव में जीतने का इलहाम पाले हुए हैं लेकिन ये और इनके राज्यसभा सांसद शायद ही लोकसभा चुनाव लडऩे की हिम्मत करेंगे।सो, इस मामले में भी मल्लिकार्जुन खडग़े और उनकी टीम को पहल करनी चाहिए। कांग्रेस और आप में, खडग़े और केजरीवाल में सीट बंटवारे की बातचीत के जो संकेत हैं तो सीट समझौता तो होता लगता है। मगर हर सीट पर प्रत्याशी को लेकर भी एलायंस में आपसी सलाह-मशविरा होना चाहिए। जैसे दिल्ली में सात सीटें हैं। कांग्रेस व आप में इनका बंटवारा हुआ तब भी जरूरी है दोनों पार्टियों के प्रदेश नेताओं में, चुनाव क्षेत्र विशेष के नेताओं में बिगड़े हुए संबंधों की केमिस्ट्री दुरूस्त हो। दोनों पार्टियों की लोकल यूनिट से कॉमन फीडबैक से उम्मीदवार के नाम पर फैसला हो। ताकि चुनाव के वक्त विपक्षी एकता की केमिस्ट्री जमीन पर भी बनी हुई दिखलाई दे।जो हो, खडग़े और केजरीवाल, कांग्रेस और आप के नेताओं में बातचीत और सहमति की कोशिश भी सामान्य बात नहीं है। ऐसे ही ममता बनर्जी और शरद पवार व दक्षिण के क्षत्रपों का मल्लिकार्जुन खडग़े पर विश्वास होना भी विपक्ष के लिए अच्छी खबर है। उस नाते सर्वाधिक गड़बड़ रोल में लेफ्ट फ्रंट, सीपीएम-सीपीआई जैसी पार्टियां दिख रही हैं। केरल और पश्चिम बंगाल में लेफ्ट पार्टियों का रूख विपक्षी वोटों में बिखराव का है। उधर बिहार में लेफ्ट पार्टियों की सीटों की मांग चौंकाने वाली है। सो, लेफ्ट इंडिया' एलायंस में मन से नहीं जुड़ा और लचीला नहीं बना तो तय मानें केरल और बंगाल दोनों में भाजपा को कुछ नई, अप्रत्याशित अतिरिक्त सीटें मिलेंगी!

## शीर्ष सफलता के लिए संकल्प, श्रम और कठोर परिश्रम आवश्यक।

**कर्म सदैव प्रधान होता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीद्य**

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैद्य

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

**संजीव ठाकुर,**
**यह निजी विचार है।**

# आरंग के शिविर में कुल 65 आयुष्मान कार्ड बनाये गए और 11 लोगों को केसीसी ऋण वितरित किया गया

रायपुर लोकशक्ति

/रायपुर ज़िले के आरंग विकासखण्ड में आज लगे शिविर में 2500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उपस्थित होकर केंद्र शासन की योजनाओं की जानकारी ली। आरंग के ग्राम चोरभट्टी, सकारी, तुलसी और रसौटा में आयोजित शिविर में कुल 65 आयुष्मान कार्ड बनाये गए और 11 लोगों को केसीसी ऋण वितरित किया गया।



अधिकारियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से तुलसी ग्राम पंचायत में 6 हितग्राहियों का बैंक केवाईसी अपडेट किया गया। साथ ही तुलसी एवं रसौटा ग्राम पंचायत में 19 पशु कृषकों को सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा 25 हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। साथ ही 10 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत भी किया गया।

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। आरंग के साथ ही ज़िले में आज अभनपुर के पारागांव, कोलियारी, सुन्दरकेरा एवं तिल्दा के खमरिया, केवतरा, घिवरा और बुडेरा ग्राम पंचायतों में भी शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्री वितरित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी।

जिले में अब तक 350 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राष्ट्र के सशक्तिकरण के उद्देश्य से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में शिविर आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है जिससे की प्रमुख सरकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत हितग्राहियों तक पंहुचाया जा सके। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ जिले के सुदूर कोनों में आयोजित किये जा रहे शिविरों के माध्यम से न सिर्फ शासकीय विभागों द्वारा स्टाल्स लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाता है वरन उपस्थित जनसमूह द्वारा शपथ भी ली जाती है की वो विकसित भारत बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनायेंगे।



## गोपाल मंदिर मे माहेश्वरी महिला समिति द्वारा खिचड़ी वितरण

**लोकशक्ति संवाददाता।** माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर के द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में 30 किलो खिचड़ी व 10 किलो तिल के लड्डू का वितरण गोपाल मंदिर सदर बाज़ार में किया गया ।तक़रीबन 1000 लोग ने इसका लाभ उठाया । प्रदेशीय कोषाध्यक्ष नंदा भट्टर ज़िला संगठन मंत्री रामा मल्ल अध्यक्ष प्रगति कोठरी सचिव कल्पना राठी , मधुलिका नत्थानी शशि काबरा शशि मोहता उपस्थित थे । संगीता चॉडक का मुख्य रूप से सहयोग रहा ।

# तातापानी में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का रंगारंग समापन









**संवाददाता।** प्रदेश के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ऐतिहासिक स्थल तातापानी में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। महोत्सव का समापन समारोह लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य तथा आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में हुई।

समापन अवसर के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पूरे भारत में सिर्फ कुछ जगहों पर ही जमीन से गर्म पानी निकलता है। जिसमें हमारा तातापानी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ठण्ड के मौसम में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तातापानी महोत्सव का आयोजन होने की बात ही अलग है। उन्होंने कहा कि इस मेले की पहचान अब सम्पूर्ण भारत वर्ष में हो चुकी है। यह क्षेत्र सदैव अग्रणी रहा है। कृषि मंत्री के नेतृत्व में तातापानी को विश्व के नक्शे पर लाने का अनोखा पहल इस महोत्सव के माध्यम से आगे जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल की है। तातापानी को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर दिया है, अब तातापानी के इस जगह को विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, और आने वाले समय में तातापानी मेला अपनी अलग पहचान बनायेगा। आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने इस अवसर पर कहा कि महोत्सव का आयोजन वृहद एवं भव्य रूप में हो सके इसके लिए 15 दिन पूर्व ही तैयारियां शुरु हो गई थी। उन्होंने कहा कि तातापानी में मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले मेले को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं इसलिए इस पवित्र जगह को शासन ने देश के नक्शे में लाने काम किया है। उन्होंने कहा कि इस जगह का विस्तारिकरण, सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकास के कार्य कर तातापानी को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मकर संक्रांति पर जिले के विकास का रास्ता खुल गया है। अब हर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगा तथा कोई क्षेत्र अब अछुता नहीं रहेगा।

## 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को तथा 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

जांजगीर-चांपा

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आकाश छिकारा द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ), देशी मदिरा सी.एस-2 (घघ-कम्पोजिट), विदेशी मदिरा एफ्एल-1 (घघ), प्रीमियम शॉप एवं मद्य भंडागार जांजगीर को 22 जनवरी सोमवार, 26 जनवरी शुक्रवार एवं 30 जनवरी मंगलवार को को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किया गया है और उक्त तीनों दिवस जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में मंदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से परिपालन कराये जाने के निर्देश सर्व सम्बंधित अधिकारियों दिए गए हैं।

## राज्य योजना आयोग द्वारा नवाचारों के अध्ययन व प्रोत्साहन हेतु आर्थिक सहायता हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा** / राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में जमीनी नवाचारों (Grassroot Innovation) जिनकी पहचान एवं उपयोगिता समाज हित में है तथा उद्यमिता विकास के द्वारा वाणिज्यिक पैमाने पर बढ़ाये जाने की संभावना हो, को प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश में नवाचार का ईकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से 31 जनवरी, 2024 तक निर्धारित प्रारूप में नवाचार प्रस्ताव आफ्लाईन अथवा ऑनलाईन ईमेल आईडी ms.cgspc@gov.in पर आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विस्तृत दिशा निर्देश के लिए आयोग के वेबसाईट httpÑ//spc.cg.gov.in/ का अवलोकन कर सकते हैं।

# वैदिक मंत्रोपचार से हुआ स्वदेशी मेला स्थल का भूमि पूजन

### साइंस कॉलेज ग्राउंड में 25 से 31 जनवरी 2024 तक होगा मेले का आयोजन

रायपुर।

**स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के साथ उन्नत भारत का लक्ष्य निर्धारित करके विगत 20 वर्षो से आयोजित होने वाले बहुप्रतिक्षित स्वेदशी मेले के स्थल का वैदिक मंत्रोपचार के साथ बुधवार को भूमि पूजन किया गया।** भूमि पूजन के लिए वैदिक विधियों और मंत्रों के साथ आराधना के लिए सपत्निक विराजित मेला संयोजक अमर बंसल ने इस अवसर पर कहा कि संपूर्ण विधिविधान से आराधना करके समस्त सकारात्मक ऊर्जा का आह्ववान किया गया है। विगत वर्षों की सफ्लता की परिपाटी को कायम रखते हुए स्थानीयता को मंच प्रदान करने की हमारी कोशिश निर्विघ्न, सानंद सपन्न हो, इसी भावना के साथ भारत माता की आराधना की गई है।




7 दिनों तक आयोजित होने वाले इस विशिष्ट मेले में देश के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों स्थानीय उत्पादों की विविध श्रृंखला एवं विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित तथा बिक्री के लिए रखा जाएगा। जहां संध्या से रोशनाई में मेला गुलज़ार रहेगा वहीं प्रतिदिन दोपहर में मेला प्रांगण में व्यंजन, केशसज्जा, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, शिशु वेशभूषा, एकल नृत्य, समूह नृत्य, क्राफ्ट सहित सभी उम्र के लोगों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित होगीं जिसमें उन्हें विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर मेला समिति अध्यक्ष संजय चैधरी,, मेला सह संयोजक नवीन शर्मा, प्रबंधक सुब्रत चाकी, जी आर भगत, दिग्विजय भाकरे, शीला शर्मा, सुमन मूठा, हरशीला रूपाली, अर्चना वोरा, इंदिरा जैन, तृप्ति चैहान सहित बड़ी संख्या में मेला समिति से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को मिला 'स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेट'




### सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रभावी संचालन, संधारण एवं रख-रखाव की बेहतर प्रणाली के लिए मिला सम्मान

**लोकशक्ति।** क्रेडा द्वारा प्रदेश में 2.81 लाख से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्रों का किया जा रहा है प्रभावी संचालन - **रायपुर,** छत्तीसगढ़ ने गैरपरंपरागत ऊर्जा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गैरपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा एक नया आयाम स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में ऊर्जा विभाग अंतर्गत राज्य की स्टेट नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को प्रदेश में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रभावी संचालन, संधारण एवं रख-रखाव प्रणाली हेतु स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिक्रेट से आज सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए क्रेडा के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

क्रेडा को यह सम्मान सौर ऊर्जा संयंत्रों के दक्ष एवं मजबूत संचालन, संधारण प्रणाली के कारण दिया गया है। गौरतलब है कि क्रेडा द्वारा प्रदेश में लगभग दो लाख इक्यासी हजार से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्रों का प्रभावी संधारण एव रख-रखाव कर वर्ष में औसतन 94 से 95 प्रतिशत तक संयंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जा रही है।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# रोजगार दो न्याय दो पोस्टर लांच के साथ युवा कांग्रेस ने की अभियान की शुरूआत

**जांजगीर-चाम्पा ।**

केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा चुनाव पूर्व प्रतिवर्श 2 करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के वादाखिलाफी के विरूद्ध देष के बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के उद्देष्य से भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा एवं प्रदेष युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाष षर्मा के निर्देष पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस षर्मा के संयोजकत्व में आयोजित युवा कांग्रेस की विषेश बैठक में उपस्थित जिला युंका के प्रभारी महासचिव भावेन्द्र गंगोत्री, विधायक ब्यास कष्यप, इंका नेता दिनेष षर्मा, न.पा. अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, नगर पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ भूवनेष्वर केषरवानी, पूर्व एल्डरमेन हीरा उपाध्याय एवं अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोजगार दो न्याय दो पोस्टर लांच कर अभियान की षुरूआत की गई। अभियान को लेकर भावेन्द्र गंगोत्री ने बताया कि देष के युवाओं से केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी के विरोध में एवं बेरोजगारों के हक की लड़ाई लड़ने रोजगार दो न्याय दो कार्यक्रम की षुरूआत युवा कांग्रेस करने जा रही है। जिसका मुख्य उद्देष्य युवाओं को हक मिलने तक संघर्श जारी रखना है इस अभियान के समर्थन करने वाले युवाओं को हिस्सा बनाने 8860812345 नम्बर में मिस्डकॉल के माध्यम से जोड़ा जायेगा। युंका अध्यक्ष प्रिंस षर्मा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार को आईना दिखाने जिले के युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता युवाओं के बीच पहुंचकर रोजगार के मुद्दे पर चर्चा कर तथा भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी सुनिष्चित करने के लिये उन्हें ऑनलाईन या ऑफलाईन फार्म भरकर जोड़ने का कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ऋशिकेष उपाध्याय, सभापति रामविलास राठौर, रफीक खान, रमेष सितलानी, राजा सिद्धिकी, मयंक थवाईत, आकाष तिवारी, संस्कार राठौर, लाला जायसवाल, महेन्द्र कष्यप, राजा खान, कमल सिंह मरावी, आकाष सिंह, तुलेष्वर कौषिक, चन्द्रषेखर कौषिक, मोतीलाल पटेल, अमन तिवारी, हर्श षुक्ला, पप्पू यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।




# कलेक्टर से मिले स्काउट गाइडर





**जांजगीर चांपा** - भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जांजगीरचांपा के पदाधिकारियों द्वारा जांजगीर चांपा के नवनियुक्त कलेक्टर एवं संरक्षक जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला जांजगीर चांपा,आकाश छिकारा से सौजन्य भेंट करते हुए स्कांउट परंपरा के अनुरूप जिला संगठन आयुक्त मोहनलाल कौशिक के द्वारा स्कार्फ पहनाकर तथा जितेन्द्र तिवारी जिला मुख्य आयुक्त द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया गया मुलाकात के दौरान पदाधिकारियों ने राज्यपाल पुरस्कृत बच्चों के प्रमाण पत्र वितरण एवं स्काउट गतिविधियों के बारे में चर्चा किया द्य कलेक्टर महोदय ने सकारात्मक चर्चा करते हुए जिले में स्काउटिंग गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जिला मुख्य आयुक्त जितेन्द्र तिवारी , जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहनलाल कौशिक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूरन लाल पटेल , ए एल टी सुरेंद्र सोनी , स्काउट मास्टर रामेश्वर आदित्य उपस्थित रहे।

## कार सेवकों द्वारा श्री राम मंदिर और हनुमान मंदिर की साफ-सफाई की गई



**जांजगीर चाम्पा** //श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान में नैला जांजगीर के कार सेवक जो श्रीराम मंदिर आंदोलन में 1992 में कार सेवा के लिए अयोध्या गए थे उन्होंने श्रीराम मंदिर और हनुमान मंदिर की साफ सफाई की। कार सेवक कैलाश बसईवाल, धनराज गट्टानी, गोपाल दुबे, बलराम पांडेय, सतराम सितलानी, कार सेवक स्व पूरनमल अग्रवाल के पुत्र आशीष गोयल, कार सेवक स्व कैलाश टमकोरिया के पुत्र नटवर टमटोरिया सामाजिक कार्यकर्ता पवन अग्रवाल ,मुकेश भोपालपुरिया, राम चंद्र उपाध्याय,अमित गौराहा, सूखेन दुबे आदि के द्वारा साफसफाई की गई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव-गांव तक पहुंच रही केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

## केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित

**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**








कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी वैन पहुंच रही है और प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुड़ेना, चोरभट्ठी, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत कुदरी, मड़वा, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत पेण्ड्री, पनगांव, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत पोड़ीकला, गिधौरी, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खटोला एवं कोटगढ़ में पहुंचा। शिविर में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

**18 जनवरी को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन** -

विकसित भारत संकल्प यात्रा 18 जनवरी को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पचेड़ा, सुकली, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत पिसौद, बिरगहनी च, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत भंवतरा, कोसला, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत मौहाडीह, कचंदा, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरगवां एवं महमदपुर में आयोजित किया जाएगा।

**प्रतियोगिता का किया उदघाटन**

# कबड्डी हमारी पारंपरिक खेल का अंग : बाबा कमलेश सिंह



**जांजगीर चांपा** - नवागढ़ के ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया जिसमें उद्घाटन मैच हीरागढ़ एवं चोरभट्ठी के मध्य खेला गया । खेल में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत नवागढ़ के सदस्य कमलेश सिंह बाबा रहे वही अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार कश्यप ने की । इस दौरान कमलेश सिंह ने कहा कि कबड्डी हमारी पारंपरिक खेल स्पर्धा में से एक है और इस प्रतिस्पर्धा में शारीरिक दक्षता मजबूत होती है वही ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है । उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल प्रदर्शन से लोगों के दिल जीतने की अपील की ।

सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार कश्यप ने उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि स्पर्धा में हार जीत को अलग रखकर खेल भावना से अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है । उदघाटन कार्यक्रम में प्रमोद सिंह , सुखी राम कश्यप, बाला सोहन दरिया , मजनू नट उपस्थित रहे । उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 द्वितीय पुरस्कार 11000 एवं तृतीय पुरस्कार 7500 रखा गया है ।

# शिवरीनारायण में बैठक लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश









## कलेक्टर-एसपी ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा

## कार्यक्रम में शामिल होंगी हर-हर शंभू फेम अभिलिप्सा पांडा एवं सारेगामा फेम शरद शर्मा



**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शिवरीनारायण में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भगवान शिवरीनारायण मंदिर में आवश्यक व्यवस्थाओं सहित राम वन गमन परिपथ, मेला ग्राउंड में होने वाले भजन-कीर्तन की आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, बैरिकेटिंग, पेयजल, बिजली, प्रचार-प्रसार, मेला ग्राउंड में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शिवरीनारायण में 22 जनवरी को होने वाले सांस्कृतिक एवं भजन कार्यक्रम में हर-हर शंभू फेम अभिलिप्सा पांडा एवं सारेगामा फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगे।

कलेक्टर ने 21 एवं 22 जनवरी की शाम को शिवरीनारायण सहित जिले के विभिन्न मंदिरों में दीपोत्सव का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मंदिर की साफ-सफाई, मंदिर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग को सुगम बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य जिला पंचायत सीईओ श्री आर. के. खुटे, एसडीएम श्री ज्ञानेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर सहित कार्यक्रम से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**कलेक्टर-एसपी ने किये शिवरीनारायण मंदिर के दर्शन** - जिला कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने बुधवार को शिवरीनारायण मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति सदस्यों ने उन्हें मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मंदिर के पुजारी ने पूजा-अर्चना कराई।

## 20 को मंदिरों की साफ-सफाई, 22 को रामायण मानस गायन का आयोजन

रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के आयोजन की तैयारी को लेकर मंदिर परिसरों में 20 जनवरी शनिवार को साफ-सफाई का अभियान चलाया जाएगा। सफाई अभियान में आमनागरिकों सहित एनजीओ, समाजसेवी संस्थान, अधिकारी, कर्मचारी, एनएसएस, स्काउट गाइड, के स्वयंसेवक के सहयोग से साफ-सफाई का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा 22 जनवरी को जिले सहित जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत में मंदिरों में रामायण मानस गान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## खास - खबर

### सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 24 जनवरी को होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**भिलाई।** भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील ऑथोरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड- सेल के स्थापना दिवस (24 जनवरी) को सेल की सभी इकाइयों में सेल गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 24 जनवरी 2024 को भिलाई इस्पात संयंत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में प्रात: 8रू00 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में, कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के बच्चे, श्रेणी स में बारहवीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रूपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रूपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं भाग ले सकती हैं।

### मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन 31 मार्च तक

**दुर्ग।** श्रम विभाग के छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिये मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 तक थी जिसे संशोधित कर 31 मार्च 2024 तक ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 06 फरवरी 2024 से 10 फरवरी 2024 तक बोकारो में एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के फुटबॉल ग्राउंड में 18 जनवरी 2024 एवं 19 जनवरी 2024 को दोपहर 3.00 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इस चयन स्पर्धा के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का चयन किया जायेगा। अत: इस चयन स्पर्धा में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक खिलाड़ी, उनके बच्चे तथा भिलाई परिधि के युवा बेरोजगार खिलाड़ी भाग ले सकते है। चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु 18 जनवरी 2024 को दोपहर 3.00 बजे से पूर्व पंत स्टेडियम, सेक्टर-1, भिलाई के फुटबॉल ग्राउंड में निम्न चयनकर्ताओं प्रोतिम घोष, मिथलेस सिंह तथा अब्दुल गफ्फार के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं । इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) डेनिस क्रिस्टी होंगे।

# कलेक्टर ऋचा चौधरी ने ली विभागीय बैठक, कहा- स्वीकृत व अप्रारंभ कार्यों के लिए फिर से लेनी होगी सरकार की अनुमति

लोकशक्ति संवाददाता।



**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समस्त विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, विकसित भारत संकल्प यात्रा, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास आदि के अद्यतन प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभागवार समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा भी की। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले स्वीकृत कार्य जो वर्तमान में प्रारंभ नहीं हुए है, ऐसे कार्यों के लिए शासन से अनुमति जरूरी है। इसके लिए निर्माण एजेंसी विभाग शीघ्र स्वीकृति हेतु फाईल प्रस्तुत करें।**

इसी प्रकार नये कार्य जो प्रस्तावित है, अनुमति के लिए शासन को भेजना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सांसद, विधायक निधि के कार्य टीएस के लिए लंबित न रहे। निर्माण कार्य एजेंसी विभाग समय-सीमा में जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेष शिविर में प्राप्त आवेदनों के प्रोसेसिंग में किसी प्रकार का डीले न हो, समय पर कार्य पूर्ण करना है।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को हाईस्कूल का सभी प्राचार्यों का बैठक लेकर एक जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने अवगत कराया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 को ध्यान में रखते हुए जिले में विधानसभावार सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 जनवरी को आयोजित की गई है। नियुक्त अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लेवें। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी को सुव्यवस्थित बनाने के लिए अतिरिक्त नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अधिकारी दिए गए निर्देशों के अनुसार गंभीरतापूर्वक खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग करेंगे।

कलेक्टर ने लिंकिंग व उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव पर जोर देते हुए डीएमओ को जीपीएस सिस्टम वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि कलेक्टर जनदर्शन में राजस्व से संबंधित आवेदन नहीं आना चाहिए, अधिकारी संबंधित क्षेत्र में अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। प्रकरणों के निराकरण में साप्ताहिक प्रगति दिखने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन की फ्लेगशिप योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की फ्लेगशिप योजनाओं पर अधिकारी विशेष ध्यान देवें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत कार्य प्रारंभ कराये। साथ ही कार्यों की साप्ताहिक प्रगति से अवगत कराये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्मित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को यूसीसीसी शिक्षा विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि विभागीय समय-सीमा के प्रकरण लंबित न रखे, 31 अक्टूबर की स्थिति में सभी लंबित प्रकरण निराकृत किया जाए। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री अन्य पत्र से संबंधित 4063 आवेदन निराकृत किए गए हैं। इसी प्रकार कलेक्टर जनचौपाल अंतर्गत 4995 आवेदन, वेब द्वारा प्राप्त 1920 शिकायतों का निराकरण तथा पोस्ट द्वारा प्राप्त 6088 शिकायतों का निराकरण किया गया है। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे, योगिता देवांगन एवं बीके दुबे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश्वर चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त एके त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन स्कूल की छात्र-छात्राओं को दी गई नियमों की जानकारी, 2500 लोगों को बांटे गए पैंपलेट

लोकशक्ति संवाददाता।



**भिलाई।** वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं सडक दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास में चलाये जा रहे सडक सुरक्षा माह के दूसरे डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल कुटेला भाठा के छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान सडक संकेत, रोड मार्किग, ट्राफिक सिग्नल, वाहन चलाते समय क्या नहीं करना चाहिए एवं किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।

सतीश ठाकुरी ने स्कूली छात्र-छात्राओ से कहा कि जब आप स्कूल से अपने घर जाये तो इन बातों को अपने परिजन, पडोसी, दोस्त, भाई, बहन को जरूर बताएं। उनसे अपील करें की वाहन चलाते समय यातायात नियम का पालन करे। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं से यातायात नियम संबंधित प्रश्न पूछा गया जिसका जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को ट्राफिक मग देकर सम्मानित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ सडक दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास में मंगलवार को बाफना टोल प्लाजा में यातायात पुलिस एवं टोल प्रबंधन के साथ मिलकर भारी वाहनों चालको पीछे एवं दो पहिया वाहन चालकों के पीछे रेडियम स्टीकर लगाया गया ताकि रात के समय इन वाहनों को पीछे से आ रहे वाहन आसानी से देख सके ताकि किसी प्रकार सडक दुर्घटना न हो। आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओ के लिए यातायात कार्यालय नेहरू नगर में यातायात नियम संबंधित मॉडल बैनर पोस्टर एवं यातायात गेम जोन बनाया गया है।

मंगलवार कोशंकरा विद्यालय सेक्टर 10 के 150 स्कूली बच्चे यातायात टॉवर पहुंचे। आरक्षक विजय शर्मा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर यातायात से संबंधित गेम एवं सही जोडी गेम खिलाया गया। जिसे खेलकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए और खेल खेल में यातायात नियमों की जानकारी ली। यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चो को यातायात नियमों प्रति जागरूक करने एवं भविष्य में उन्हें यातायात नियम का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करें।

यातायात पुलिस द्वारा लगाये गये प्रदर्शनीय का अवलोकन कराने बच्चों को यातायात टॉवर नेहरू नगर अवश्य लाएं। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक सभी के लिए लगाई गई है।

## औषधि नियंत्रक, निरीक्षक व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**दुर्ग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन उपसंचालक डॉ. जे.पी. मेश्राम द्वारा 11 जनवरी 2024 को सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। प्राप्त जानकारी अनुसार औषधि निरीक्षकों द्वारा माह अप्रेल 2023 से दिसम्बर 2023 तक कुल 1058 फर्मों का निरीक्षण किया गया जिसमें से 53 फर्मों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया, 30 फर्मों पर निलंबन की कार्यवाही की गई। 02 फर्मों के लाइसेंस निरस्त किये गए। उक्त अवधि में औषधि निरीक्षकों द्वारा कुल 10 ब्लॅड सेंटर व 09 ब्लॅड स्टोरेज सेंटरों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 02 ब्लॅड सेंटर में अनियमितता पाए जाने पर अग्रीम आदेश तक ब्लड सेंटर के गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। जिले के औषधि निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण के दौरान कुल 16 औषधियों के नमूने संकलित किये गए एवं पूर्व में लिए औषधि नमूनों की कुल 70 रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें 60 औषधियों के नमूने राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मानक स्तर की पाई गई। 10 नमूनों की रिपोर्ट राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर द्वारा अवमानक घोषित किये गए हैं। कोटपा एक्ट के तहत् सभी स्कूलों/कालेजों/पानठेलों व सामूहिक स्थलों पर कुल 135 चालानी कार्यवाही की गई जिसमें कुल 22 हजार 770 रूपये की अर्थदण्ड की वसूली की गई। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षकों द्वारा 28 डीपीसीओ के नमूने संकलित किये गए। उक्त समायावधि में औषधि निरीक्षकों द्वारा पुलिस विभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल 14 कार्यवाही की गई।

## जनदर्शन के आवेदन में हुई त्वरित कार्यवाही कुम्हारी निवासी दिव्यांग को मिला ट्रायसायकल

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 134 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ट्रायसायकल प्रदाय करने हेतु आवेदन लेकर पहुंचे कुम्हारी निवासी दिव्यांग तत्काल व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

उन्होंने बताया कि वह अत्यंत गरीब व असहाय है, जिसके चलते उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरेश गेंडरे को समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर तत्काल ट्रायसायकल प्रदान किया गया। व्हीलचेयर मिलने पर सुरेश गेंडरे ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम खम्हरिया निवासी श्री बलीराम देवांगन वृद्धा पेंशन दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण किसी प्रकार की रोजी मजदूरी करने में असमर्थ हूॅ। अगर वृद्धा पेंशन मिलता तो भरण-पोषण में सहायता मिल जाती। इसी प्रकार भिलाई निवासी ने आवास आबंटन के लिए आवेदन दिया। आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह पैरों से विकलांग है तथा पूरी तरह से अपने परिवार पर आश्रित हूॅ। पत्नी काम करती है, जिससे घर का जीवन यापन चलता है। गरीबी रेखा के तहत किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। संतोषी पारा वार्ड नम्बर 33 केम्प 2 भिलाई के उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर उपलब्ध कराने एवं पेयजल व शौचालय संधारण की मांग की।

## आई.आई.एम. भिलाई चैप्टर द्वारा तकनीकी जागरुकता प्रस्तुतीकरण का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में, 12 जनवरी 2024 को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स, भिलाई चैप्टर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें, विशेषज्ञों द्वारा एडेटिव मैनुफैक्चरिंग एवं सर्फेस इंजीनियरिंग विषयों पर तकनीकी जागरूकता से संबंधित प्रस्तुतीकरण दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक असित साहा एवं संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक एवं आईआईएम-भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष ए बी श्रीनिवास द्वारा की गई।



इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेटल्स - भिलाई चैप्टर के अध्यक्ष एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन में, संस्था के सचिव एवं महाप्रबंधक के व्ही शंकर के प्रयत्नों से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में, कार्डिफ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में, हाई वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग विषय के वरिष्ठ व्याख्याता व जाने माने विशेषज्ञ डॉ देबज्योती भादुरी और आईआईटी-भिलाई के यांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सर्फेस इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाने माने विशेषज्ञ डॉ सौम्या गंगोपाध्याय के द्वारा अलग-अलग तकनीकी प्रस्तुतियां दी गई। डॉ देबज्योती भादुरी द्वारा फ्रॉम वेस्ट टू वर्थ-ए नेट जीरो रूट फॉर सर्कुलर हाइब्रिड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ सस्टेनेबल एडिटिव-सब्सट्रैक्टिव पार्टस विषय पर, दुनिया भर में हो रहे शोध एवं अब तक के उपलब्धियों पर विस्तृत एवं रोचक तकनीकी प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के कई अधिकारी उपस्थित थे, जो इस व्याख्यान से लाभान्वित हुए। डॉ सौम्या गंगोपाध्याय द्वारा प्रोटेक्टिव सरफेस कोटिंग सोल्यूशंस फॉर भिलाई स्टील प्लांट विषय पर तकनीकी प्रस्तुति दी।

# संयंत्र द्वारा सुरक्षा पर बच्चों के लिए ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में जारी सुरक्षा जागरूकता माह 2024 के अंतर्गत, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा, शालेय छात्र छात्राओं के लिए सुरक्षा थीम पर केंद्रित एक ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का अयोजन, दिनांक 14 जनवरी 2024 को, सुनीति उद्यान सेक्टर 08 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार उपस्थित थे एवं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की शुरुआत स्वयं अपने घर से करें। सेफ्टी के प्रति बच्चों में शुरुआत से ही जागरूकता कूट-कूट कर भर देने से भविष्य में बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूकता में सहायता मिलेगी। हमारे संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता बहुत ही जरूरी है, जिससे कि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया सके। इसलिए संयंत्र हमेशा से ही ऐसे प्रतियोगिताओं का आयोजन करता आ रहा है। सभी बच्चों के साथ- साथ इनके अभिभावकों को भी मेरी शुभकामनाएं हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन, महाप्रबंधक एस के महतो, महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक मृदुल श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य, शालेय छात्र-छात्राओं में सुरक्षा की भावना का प्रचार करना है, जिससे वे भविष्य में एक सुरक्षित जीवन का निर्वाह कर सके। इस कार्यक्रम में इस्पात नगरी एवं आसपास के 40 विद्यालयों के लगभग 1400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।

जिसमें छात्र-छात्राओं को उनकी कक्षाओं के आधार पर 6 समूहों में बाँटा गया था। समूह अ (कक्षा नर्सरी के विद्यार्थीगण), समूह ब (कक्षा 1 से 3), समूह स (कक्षा 4 व 5), समूह द (कक्षा 6 से 8), समूह इ (कक्षा 9 से 12) और समूह फ (दिव्यांग छात्रगण) रखे गए थे। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों और चयनित चित्रों की एक प्रदर्शनी का आयोजन नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर किया जाएगा। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का समन्वय महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) श्री एस के अग्रवाल ने किया तथा स्वागत भाषण, धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन विभाग के इंजीनियरिंग ऑपरेटिव श्री एच सी गुप्ता ने किया।

## अनुष्ठान शुरू होने से पहले सफाई, देव स्थलों की सफाई पुण्य का काम : विधायक चन्द्राकर



**रिसाली।** अयोध्या में अनुष्ठान शुरू होने से पहले पूरे देश भर के देव स्थलों और मंदिरों की विशेष सफाई की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के मंदिरों के आस पास सफाई किया जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी दो दिनों तक श्रम दान किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपने शहर की सफाई और स्वच्छता के लिए कार्य करना हर नागरिक का कर्तव्य है। वही अगर आस्था से जुड़े स्थानों में श्रम दान करते है तो इससे आत्मीय सुख के साथ पुण्य का लाभ होता है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहले दिन मरोदा सेक्टर स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर की सफाई की। वहीं दूसरे दिन नेवई शीतला मंदिर और कल्याणी शीतला मंदिर के आस पास सफाई कार्य में श्रम दान किए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सद्स्य परमेश्वर, पार्षद विधि यादव, गजेन्द्री कोठारी, डोमन बारले, ममता सिन्हा, महामंत्री राजू जंघेल समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुख्य आयोजन 22 जनवरी को होगा।

विधायक ने कहा कि मंदिर व देवालयों के आस पास नियमित सफाई हो। इस बात का निगम अमला विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन के दिन हर मंदिरों में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित है। नागरिक भी घरों में दीप प्रज्वलित करे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)